भिवाड़ी प्लांट के विस्तार में 150 करोड़ खर्च करेगी जकुआर

जयपुर। बॉथरूम सोल्यूशंस प्रदाता कंपनी जकुआर अपनी विस्तारीकरण योजना के तहत भिवाड़ी स्थित प्लांट में 150 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह निवेश कंपनी इस साल के अंत तक पूरा कर लेगी, इसके बाद प्लांट की उत्पादन क्षमता एक लाख बॉथ फिटिंग प्रतिदिन की हो जाएगी। अभी कंपनी की क्षमता 75 हजार बॉथ फिटिंग प्रतिदिन है। कंपनी की भिवाड़ी में तीन और एक मानेसर में उत्पादन इकाई है। यह जानकारी बुधवार को यहां कंपनी के प्रमोटर एवं डायरेक्टर राजेश मेहरा ने दी। उन्होंने

बताया कि कंपनी जयपुर में देश का पहला अलग तरह का एक फ्लेगशिप ओरिएंटेशन सेंटर भी स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 3500 करोड़ रुपए का कारोबारी लक्ष्य रखा है। इसमें 1200 करोड़ रुपए का कारोबार राजस्थान से होने की उम्मीद है। कंपनी बॉथरूम प्रोडक्ट के अलावा लाइट और सेनेटरीवेयर प्रोडक्ट भी बनाती है। जकुआर की बॉथरूम फिटिंग आरटिज, जकुआर और एस्सको ब्रांड के तहत ग्लोबल बाजार में बेची जाती है।